Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः–

प्रेषक,

उपमहाप्रबंधक (परि0)
बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना।

सेवा में,

सी0एस0 कन्सट्रक्शन,
खुदुनिया मार्केट कॉरपोरेशन बैंक,
बस स्टैड रोड, वार्ड न0–16,
पो0+ थानाः–अररिया,
पिनः–854311, बिहार।

विषयः– एम0एस0डी0पी0 योजना के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेरहागाछ, किशनगंज के परिसर में बनाये जा रहे 30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकः–BMSIC/80050/24-2016/626 दिनांकः–22.05.2017, पत्रांकः–BMSIC/80050/24-2016/1085 दिनांकः–07.07.2017 एवं पत्रांकः–BMSIC/80050/24-2016/2515 दिनांकः–07.08.2019।

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित परियोजना का कार्यादेश दिनांकः–06.09.2016 को निर्गत किया गया एवं इस कार्य हेतु भूखंड भी उपलब्ध करा दिया गया। कार्यादेश की कडिंका 5 के अनुसार भूखंड उपलब्धता की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह, अर्थात 05.09.2017 तक थी, परंतु 36 माह की अवधि समाप्त होने के उपरान्त भी अभी तक कार्य लगभग 20% मात्र ही पूर्ण हुआ है। प्रारंभ से ही विषयांकित कार्य के प्रति आपकी अभिरूचि एवं संसाधनो की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी पाई गई है। विदित है कि कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रासंगिक पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से अनेंको बार निदेशित किया गया फिर भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी नही दिखाई जा रही है, जो कार्य के प्रति आपकी लापरवाही एवं शिथिलता को दर्शाता है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नही पहुँच पा रहा है।

अतः एकरारनामा की कडिंका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेरहागाछ का भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपकी सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए आपके विरूद्ध नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

विश्वासभाजन

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः–

प्रतिलिपिः– पर्यवेक्षण परामर्शी मे0 एस0जी0एस0 इंडिया प्रा0 लि0, कोलकत्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित संवेदक से संपर्क स्थापित कर विषायांकित योजना जल्द से जल्द से प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (परि0)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

Scanned by CamScanner

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— असैनिक शल्य चिकित्सक—सह— मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— जिलाधिकारी, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/—
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना/प्रबंध निदेशक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार पटना/ एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/—
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः—अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि संवेदक की निबंधन संख्या 52(BHAWAN)2014 को आवंटित कार्य पूर्ण करने तक निलंबित करने की कृपा की जाए।

ह0/—
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः—

प्रतिलिपि :—महाप्रबंधक (परि० एवं निरू०) को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/—
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/24-2016/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

ह0/
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/24-2016/3928 दिनांकः— 03.10.19

प्रतिलिपिः— श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL, के वेबसाईट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

Shashi
3/10/19
उपमहाप्रबंधक (परि0)

Scanned by CamScanner